# नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहा सिटी मॉल, फायर एनओसी सहित विभिन्न सुविधाओं का अभाव

**मॉर्निंग न्यूज @ डेगाना।** डेगाना शहर के सदर बाजार में संचालित सिटी मॉल के नाम से खड़ा किया गया कई मंजिला बड़ा सिटी मॉल बीच बाजार में छोटी सी संकरी गली की जगह पर संचालित किया जा रहा है। जिसमें नगर पालिका अधिनियम के तहत नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई है। आखिर, निर्माण सहित बिल्डिंग बायलॉज नियमों, पार्किंग, कमर्शियल निर्माण, फायर एनओसी सहित विभिन्न प्रकार की स्वीकृतियों और गतिविधियों के संचालन को लेकर सिटी मॉल के खिलाफ आरटीआई कार्यकर्ता एडवोकेट तेजसिंह रुंवा ने मोर्चा खोल दिया है। समाचार पत्रों में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सबसे बड़ी मुख्य रोड पर बाधक बनें सिटी मॉल को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद शहर में दिनभर चर्चा रही। ट्रैफिक जाम के हालात दिनभर लोड अनलोड वाहनों का जमावड़ा, पार्किंग की जगह नहीं होने सहित विभिन्न खामियों और कई प्रकार की नियमों के विरुद्ध नगर पालिका द्वारा आंखें बंद कर बैठे होने सहित को लेकर बुधवार को ही खबर का प्रकाशन किया था। खबर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर जिसमें शीर्षक सदर बाजार में सिटी मॉल के सामने दिनभर होते वाहन लोड अनलोड, नियम दरकिनार खबर का प्रकाशन किया गया था। तो इसको लेकर शहर की ट्रैफिक पुलिस प्रशासन ने कुछ छोटी-मोटी बाइक वगैरह और



ट्रैफिक को लेकर कार्रवाई की। मगर, शाम के समय पुलिस को सिटी मॉल के सामने पिकअप सहित विभिन्न प्रकार की गाड़ियां लोडिंग के लिए ट्रैफिक जाम के हालात में खड़ी मिली। मगर, पुलिस की ओर से कोई विशेष कार्रवाई सिटी मॉल के खिलाफ अभी तक नहीं की गई। इसके लिए कार्रवाई नगर पालिका प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन को करनी होगी। आखिर, नगर पालिका ने मॉल के निर्माण के लिए बिल्डिंग बायलॉज के नियमों को दरकिनार करते हुए किस तरह निर्माण की परमिशन दी। तो वही किस तरह पार्किंग के बिना किसी सुविधा के इस संकड़े मार्ग पर इतने बड़े मंजिल के मॉल को बनाने के लिए कैसे परमिशन दी गई। क्या-क्या नियमों का उल्लंघन किया गया। क्या-क्या नियमों के तहत पट्टा सहित विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों के कागजात जारी किए गए। इसको लेकर आरटीआई कार्यकर्ता ने नगर पालिका प्रशासन से आरटीआई के तहत सूचनाएं मांगी है। तो वहीं उसने नागौर जिला कलेक्टर, नगर पालिका प्रशासन, उपखंड प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस को पत्र लिखते हुए कार्रवाई की मांग की है। शहर के निवासी आरटीआई कार्यकर्ता एडवोकेट तेज सिंह रुवां ने शहर में संचालित सिटी मॉल के खिलाफ शिकायत करते हुए विभिन्न प्रकार की सूचनाओं लोक सूचना अधिकारी, नगरपालिका मण्डल डेगाना से मांगी है। जिसमें सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (1) के तहत् आवेदन पत्र स्वीकार कर सूचनाएँ उपलब्ध करवाने के लिए लिखा गया है। डेगाना मुख्य बाजार में स्थित सिटी मॉल के निर्माण की स्वीकृति की प्रमाणित फोटो प्रतियां, डेगाना मुख्य बाजार में स्थित सिटी मॉल का नक्शा जो नगरपालिका डेगाना द्वारा जारी किया गया।

उसकी प्रमाणित प्रतिलिपियां। डेगाना मुख्य बाजार में स्थित सिटी मॉल के पट्टे की प्रमाणित प्रतिलिपि। डेगाना में अग्नि सुरक्षा (फायर सेफटी के लिए एनओसी सर्टिफिकेट 1.1.2020 से 1.11.2024 जारी सूची की प्रमाणित प्रतिलिपि। डेगाना में जैव चिकित्सा अपशिष्ट पदार्थों के लिए एनओसी नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट 1.1.2020 से 1.11.2024 जारी सुची की प्रमाणित प्रतिलिपियां मांगी गई है। इसके साथ ही बिल्डिंग बायलॉज नगर पालिका नियमों के तहत बिना किसी पार्किंग के किस तरह सिटी मॉल को परमिशन दी गई। क्योंकि, दिनभर इससे ट्रैफिक जाम वाहनों को लोड, अनलोड होने से और वाहनों को खड़े करने से हो रहा है।

### इनका कहना है

शहर में संचालित नियमों के विरुद्ध मॉल, कॉम्पलेक्स या अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के खिलाफ नगर पालिका द्वारा कार्रवाई जल्द ही की जाएगी।

**सतीश कुमार राव तहसीलदार एवं कार्यवाहक ईओ नगर पालिका डेगाना**


## साइकिल पाकर बालिकाओं के खिले चहरे



**मॉर्निंग न्यूज @ पाटन।** कस्बे में स्थित जमुना देवी पांडेय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा निशुल्क साइकिल वितरण योजनान्तर्गत सत्र 2024- 25 में कक्षा 9 वीं में अध्यनरत 33 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण की गई। संस्था प्रधान महावीर प्रसाद मीणा व पाटन सरपंच मनोज चौधरी द्वारा जब छात्राओं को साइकिल दी गई तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान संजय डोकणिया, संजय ठेकेदार, कमला सैन, सहित विद्यालय स्टाफ सुमेर सिंह खुडानिया, महावीर वर्मा, वरिष्ठ अध्यापक विकास कुमार यादव, राजपाल यादव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## भैंरू अष्टमी कल, 5100 दीपों से जगमग होगा मंदिर

**मॉर्निंग न्यूज @ रींगस।** जन-जन की आस्था के प्रतीक भैंरों बाबा का जन्मोत्सव शनिवार को कालाष्टमी पर धूमधाम से मनाया जाएगा। युवा विकास मंच के अध्यक्ष घीसाराम कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि भैरव अष्टमी शनिवार के दिन



शाम को भैरू बाबा के मंदिर क्षेत्र को 5100 दीपकों से सजाया जाएगा। वहां बनी प्रत्येक तिबारियों, मुंडेर चौक दीपों की जगमगाहट से रोशन की जाएगी एवम् आकर्षक रंगोली बनाई जाएगी। इस अवसर पर कस्बे वासियों व बाबा के भक्तों के सहयोग से शानदार आतिशबाजी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। डीजे पर बाबा के भजनों पर भैरू बाबा के भक्त जमकर थिरकेंगे एवं बाबा का अवतरण दिवस मनायेंगे। युवा विकास मंच के उपाध्यक्ष मनोज जांगिड़ एवं सचिव आर्यन पारीक ने बताया की रींगस नरेश भैंरों बाबा के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में खासा उत्साह है भक्त वर्ष भर इस दिन का इंतजार करते हैं।

मंदिर पुजारी परिवार के सदस्य हरीश गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि जन्मदिन पर विशाल भारी भरकम केक काटकर भक्त बाबा को हैप्पी बर्थडे कहेंगे। युवा विकास मंच के वरिष्ठ सदस्य जीतू शर्मा ने जानकारी दी की बाबा का जन्मदिन मनाने के लिए आसपास के ग्रामीण इलाकों सहित दुर दर्राज से भी भक्त आते हैं एवं कस्बे वासियों के सहयोग से इस जन्मदिन को भव्य रूप देने का प्रयास किया जाएगा।

## नामदेव समाज ने विठ्ठल भगवान मंदिर के लिए किया भूमि पूजन



**मॉर्निंग न्यूज @ रींगस।** रींगस के नामदेव समाज के एक भामाशाह रामकिशोर छीपा ने विठ्ठल भगवान के मंदिर के लिए 117 गज जमीन समाज के नाम की। जिस पर विधि विधान पूर्वक पंडित सुभाष शर्मा ने पूजा अर्चना करवाकर भूमि पूजन किया और मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी। पूजा में भामाशाह राम किशोर छिपा एवं रींगस नामदेव समाज के अध्यक्ष संतोष कुमार टेलर सह पत्नी बैठे। इस अवसर पर समाज के सैंकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे। इस अवसर पर नगर पालिका के पार्षद राकेश भादू पोता ने नामदेव समाज के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि समाज के एवं देश के लिए जीना ही जिंदगी का सही अर्थ है वहीं पर समाज की ओर से अशोक कुमार, बजरंगलाल बुला, जुगल किशोर छिपा श्याम सुंदर छिपा कैलाश बींवाल, कैलाश चंद छिपा कृष्णकांत सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## जमुना देवी पांडेय राजकीय बालिका विद्यालय में गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** स्थानीय विद्यालय जमुना देवी पांडेय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 151 बालिकाओं ने आवेदन किया। 134 बालिकाओं ने परीक्षा दी, तथा 17 बालिकाएं अनुपस्थिति रही। परीक्षा का आयोजन नीरज कुमार गर्ग व सुधीर सैनी के नेतृत्व में किया गया। परीक्षा संपन्न करवाने में ओमप्रकाश जांगिड़, आशा मीणा, अनीता देवी, शायर देवी अध्यापक का सहयोग रहा। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद मीणा, व्याख्याता सुमेर सिंह खुडानिया, ज्ञानचंद गुर्जर उपस्थित रहे।

## भामाशाह ने छात्रों को वितरित किए गर्म वस्त्र

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** रसीदपुरा खुड़ी राजकीय विद्यालय में कार्यरत अध्यापिका और उनके पति बिजेन्द्र अलका बुरड़क एवं विद्यालय में कक्षा 1 से 12 तक के सभी छात्रों को कुल 180 स्वेटर नि:शुल्क वितरण किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीबीईओ लक्ष्मणगढ़ किरण सैनी तथा अध्यक्षता भी बिजेन्द्र बुरड़क पलथाना ने की। प्रधानाचार्य शिशुपालसिंह बिजारणियां द्वारा भामाशाह परिवार तथा सीबीईओ को शॉल तथा साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन रविकुमार व्याख्याता ने किया।

## भामाशाहों का किया सम्मान

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुड़ली में भामाशाहों का सम्मान किया गया। भामाशाह सुरेन्द्र नेहरा पुत्र मोहनलाल नेहरा ने विद्यालय को 51 हजार रूपए भेंट किए। इसके साथ ही कुड़ली सरपंच संतोष देवी पत्न प्रभुदयाल ओला ने पौत्र जन्मोत्सव पर ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से विद्यालय को 25 हजार रूपये भेंट किये।

## एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस अवेयरनेस सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से वर्ल्ड एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस अवेयरनेस वीक मनाया जा रहा है। इसके तहत सीकर में विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ देवेन्द्र दाधीच ने बताया कि एंटीबायोटिक दवाओं के अनावश्यक उपयोग से एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस का खता बढता है, जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। चिकित्सा विभाग ने वर्ल्ड एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस अवेयरनेस वीक के तहत आमजन और स्वास्थ्य कर्मियों को एंटीबायोटिक दवाओ के अनावश्यक उपयोग के खतरों से जागरूक करने के लिए अभियान शुरू किया है। यह अभियान 28 नवम्बर तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं का अति उपयोग शरीर को उनके प्रभाव के खिलाफ प्रतिरोध बना देता है, जिससे दवाएं अप्रभावी हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के शोधकर्ताओं के अनुसार एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के कारण 2019 में 1.27 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई। कल्याण अस्पताल की सेंट्रल लैब में मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ देवेन्द्र दाधीच, जेएस माइक्रो बॉयोलॉजी डॉ उषा मिश्रा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जीएनएमटीसी के विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस अवसर पर नीतूरानी शर्मा सहित सभी लेब कार्मिक मौजूद थे।

## जिला परियोजना समन्वयक राकेश लाटा ने सीबीईओ ऑफिस का किया अवलोकन

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा राकेश कुमार लाटा ने सीबीईओ ऑफिस का अवलोकन कर विभागीय कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा— निर्देश प्रदान किए। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किरण सैनी ने विभागीय लक्ष्यों के विरुद्ध अर्जित उपलब्धियों से अवगत करवाया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सीकर के सहायक निदेशक राकेश कुमार गढवाल ने युवा महोत्सव के पंजीकरण व प्रतियोगिता में भाग लेने प्रतिभागियों की प्रतिभागिता की समुचित व्यवस्था पर बल दिया। समग्र शिक्षा के सहायक परियोजना समन्वयक विक्रमसिंह ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत की जाने वाली गतिविधियों की प्रगति की जानकारी लेकर समयबद्धता के साथ सम्पन्न करवाने के निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर सन्दर्भ व्यक्ति सुरेश भास्कर,प्रशासनिक अधिकारी भंवरसिंह जाखड,अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी श्रीपाल ढाका, ब्लॉक समन्वयक मुंड ,विकास झांकल, दिनेश स्वामी, लोकेश मीणा, कमलेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# फतेहपुर में निमावत कैरियर एकेडमी का हुआ शुभारंभ

## स्कूली शिक्षा के साथ इंजीनियरिंग मेडिकल की तैयारी भी कराएगा निमावत एज्युकेशन ग्रुप

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर/फतेहपुर।** निमावत ग्रुप ऑफ एज्युकेशन 26 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय और भरोसेमंद नाम जो लगतार छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य को आकार देने में लगा हुआ। इन 26 वर्षों में स्कूली शिक्षा के माध्यम से लाखों छात्र-छात्राओं को शिक्षित किया और सार्थक, सक्षम जीवन जीने के लिए सफल बनाया। इसी कड़ी में निमावत ग्रुप अपने निमावत पब्लिक स्कूल फतेहपुर की आपार सफलता के बाद अब फतेहपुर में ही निमावत कैरियर एकेडमी (एनसीए) की शुरुआत करने जा रहा है। निमावत कैरियर एकेडमी अब डॉक्टरों, इंजीनियरों व राष्ट्रनायकों की अगली पीढ़ी तैयार करने को समर्पित है। फतेहपुर की एनसीए में अब सीकर और कोटा की टॉप फैकल्टी होगी जो इंजीनियरिंग व मेडिकल की तैयारी करवाएगी। अब बच्चों को निमावत के कैम्पस में ही ये सभी कोचिंग मिलेगी। जिसमें नीट, जेईई, जेईई, ओलंपियाड, आदि की तैयारी करवाई



जाएगी। तो अब 10वीं के बाद सीकर या कोटा जाने की जरूरत नहीं। गुरुवार 21 नवम्बर 2024 को निमावत पब्लिक स्कूल, फतेहपुर में निमावत कैरियर एकेडमी की लॉन्चिग सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों, पेरेंट्स, अनुभवी फैकेल्टी व शिक्षा क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। इस दौरान स्कूल में प्रेस वार्ता भी की गई जिसमें निमावत ग्रुप ऑफ एजुकेशन व निमावत कैरियर एकेडमी के चेयरमैन डायरेक्टर व स्टॉफ के सदस्य मीडिया से रूबरू हुए। संगीता निमावत ने कहा निमावत कैरियर एकेडमी का उद्देश्य सीकर और कोटा के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों की मदद से मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना है। संस्था के निदेशक नौशाद खान ने कहा फतेहपुर जैसे शहर से शुरू होकर हमारी 300 डिग्री केवरिंग का फार्मूला हम अन्य बड़े शहरों में भी अगले कुछ सालों में लेकर आएंगे। निमावत पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल बीना सिंह शेखावत ने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा जैसे निमायत स्कूल वो विद्यार्थी पिछले 26 सालों से अलग-अलग क्षेत्र में हमारा और देश का नाम रोशन कर रहे हैं वैसे ही हम हमारी इस विरासत को निमावत कैरियर एकेडमी के साथ और नए मुकाम पर लेकर जाएंगे और देश को भावी डॉक्टर्स और इंजीनियर्स देने में अपना विशेष योगदान देंगे। समारोह में निमावत ग्रुप की ओर से डॉ. नरोत्तम स्वामी, सुशील शर्मा तथा महेश यादव ने बताया कि निमावत कैरियर एकेडमी का रेजिडेंशियल प्रोग्राम छात्रों को एक पूर्ण एकीकृत प्रणाली प्रदान करेगा।

## तृतीय वार्षिक महोत्सव के दौरान हनुमत ध्वज एवं भूमि पूजन

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** सिद्धपीठ श्री झल्ड़ा वाले बालाजी धाम कंवरपूरा रोड़ नाथावतपूरा सीकर में हो रहे तृतीय वार्षिक महोत्सव संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष्य में श्री हनुमत ध्वज एवं भूमि पूजन किया गया। जिसमें महंत श्री रामशंकर जी दाधीच ने बताया कि गुरु पुष्य योग में बालाजी का पूजन कर हनुमंत ध्वज का आगाज हुआ। पंडित पथिकाचार्य कुलदीप शास्त्री ने सभी भक्तों को पीले चावल और निमंत्रण देके आमंत्रित किया।

जिसमें वैदिक पंडित रमाकांत शास्त्री व रवि शास्त्री ने



वैदिक मन्त्रोचार से विधिवत् पूजन किया। आयोजन में सानिध्य पालवास गौ धाम के संत चंद्रमा दास जी महाराज का रहा। बालाजी के भक्त पंडित किशन लाल मलाका, प्रहलाद व्यास, प्रेम प्रकाश माथुर, युवराज शास्त्री मलाका, गौ सेवक ज्योति तनवानी, जीएस नाथावत, नरेश सैन, मातादीन मिश्र, संध्या अवस्थी, वंदना राठौड़, सुमित्रा शर्मा, प्रमोद सैनी सहित अनेक भक्तगण मौजूद रहे।

## शिव-परिवार मूर्ति-प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** चित्तौडगढ़ विधानसभा क्षैत्र के ग्राम बिलोदा में आयोजित तीन दिवसीय बावड़ी वाले मंदिर में महादेव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम गुरूवार को विधायक चंद्रभानसिंह आक्या की उपस्थिति में हवन पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान आयोजित महाआरती में विधायक आक्या ने सम्मलित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया व चित्तौडगढ़वासियो की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर लाल सिंह जाट, मनोहर जाट, राजाराम जाट, उंकार जाट, भगतसिंह जाट, लालसिंह राठी, पुष्कर जाट, दिनेश जाट, हरिसिंह जाट, कुकालाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## अटल भूजल योजना का प्रशिक्षण संपन्न

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** अटल भूजल योजना के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जल विज्ञान एवं जल प्रबंधन संस्थान बीकानेर और भूजल विभाग सीकर के सहयोग से पाटन के पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक विकास अधिकारी एवं पंचायत समिति प्रधान के आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षमता वर्धन पर उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही योजना से अवगत कराने में मुख्य वक्ता के रूप में राजेंद्र राणा उपनिदेशक बीकानेर, मघा राम सहायक निदेशक, दिनेश कुमार वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी भूजल विभाग सीकर, रामगोपाल कृषि अधिकारी नीमकाथाना, पूनम सिरावता रामेश्वर प्रसाद तकनीकी सहायक भूजल विभाग सीकर, मुकेश बाल्मिकी आई ई सी विशेषज्ञ, प्रदीप कुमार कृषि विशेषज्ञ ने अहम भूमिका निभाई। इस दौरान कनिष्ठ सहायक महावीर प्रसाद भूजल विभाग सीकर के द्वारा आयोजित कार्यक्रम कि व्यवस्था बनाने में अपनी भागीदारी निभाई।

## क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** क्विज प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के उपप्रधानाचार्य डॉ अनिश जैन, विशिष्ट अतिथि डॉ महेन्द्र बालोत एवं डॉ प्रवीण शर्मा तथा इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ जय सिंह ने विजेताओं को सर्टिफिक्रेट प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रथम एस एन सी यू की अन्तिम बाला छीपा, प्रथम रनर वन्दना चौहान एवं सैकंड रनर शाहिद हुसैन कुरेशी रहे। क्विज़ में कुल 44 नर्सिंग आफिसर ने भाग लिया।